सूचना और प्रसारण मंत्रालय

# आकाशवाणी के लिए इलैक्ट्रिक वाहन- एआईआर पर्यावरण अनुकूल बनने की दिशा में

प्रविष्टि तिथि: 02 DEC 2021 4:20PM by PIB Delhi

केन्द्र की हरित पहल और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर अपनी दूरदर्शिता के अनुरूप, ऑल इंडिया रेडियो ने अपनी परिवहन की सभी जरूरतों के लिए अपने पूरे परिवहन बेड़े को इलेक्ट्रिक वाहनों में बदल दिया है। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शशि शेखर वेम्पति और ऑल इंडिया रेडियो के महानिदेशक एन वेणुधर रेड्डी ने आज नई दिल्ली में आकाशवाणी भवन में 26 इलेक्ट्रिक वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया।

इसे भारत के पर्यावरणीय लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में एक छोटे लेकिन महत्वपूर्ण योगदान के रूप में देखा जा सकता है, यह दिल्ली में तैनात किए जाने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों का दूसरा सबसे बड़ा बेड़ा है।

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शशि शेखर वेम्पति ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलने का यह एक महत्वपूर्ण निर्णय है। स्वच्छ भारत के लिए यह प्रधानमंत्री का मिशन है जहां पर्यावरण भी स्वच्छ रहे।

ऑल इंडिया रेडियो के महानिदेशक एन वेणुधर रेड्डी को उम्मीद है कि आकाशवाणी भवन में इन ई-वाहनों के अनुभव के आधार पर ऑल इंडिया रेडियो के अन्य स्टेशनों के लिए भी इलेक्ट्रिक वाहन लाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी ने अगले पांच वर्षों में ई-वाहनों के लिए कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) के साथ एक समझौता किया है।

ऑल इंडिया रेडियो ने सीईएसएल से वैट लीज के आधार पर सभी इलेक्ट्रिक वाहनों को किराए पर लिया है जो बिजली मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों का एक संयुक्त उद्यम है। इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग नेटवर्क प्रसार भारती के सिविल कंस्ट्रक्शन विंग द्वारा बिछाया गया है।

***

**एमजी/एएम/केपी/वाईबी**

(रिलीज़ आईडी: 1777369) आगंतुक पटल : 91

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Marathi